16 जुलाई 2018

कमोडिटी मार्केट रिपोर्ट

smc

Moneywise. Be wise.

प्रमुख खबरें

- ऑटोमोबाइल, औद्योगिक मशीनरी और कंस्ट्रक्शन के लिए अधिक मांग के कारण जुलाई-सितम्बर तिमाही में जापान में कच्चे स्टील के उत्पादन में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 2.3% की बढ़ोतरी होने की संभावना है।
- अमेरिकी उपभोक्ता कीमतों में लगभग साढ़े छह वर्षों में सबसे अधिक बढ़ोतरी हुई है जिससे फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना बढ़ गई है।
- लीबिया की नेशनल ऑयल कॉर्पोरेशन ने कहा है कि वेतन और अन्य भत्ते को लेकर विवाद का समाधान हो जाने के बाद अल-फील्ड तेल क्षेत्र को फिर से खोल दिया गया है।
- मलेशियन पॉम ऑयल बोर्ड के अनुसार अगस्त में कच्चे पॉम ऑयल के निर्यात पर निर्यात कर जुलाई के 5% से कम करके 4.5% कर दिया गया है।
- सरकार के केन्द्रीय पूल में 1 जुलाई तक गेहूं का भंडार पांच वर्षों में सबसे अधिक 41.8 मिलियन टन हो गया है।
- 2018-19 में अमेरिकी सोयाबीन का उत्पादन 4.310 बिलियन बुशल होने का अनुमान है, जो पिछले अनुमान की तुलना में 30 मिलियन बुशल अधिक है। इसी अवधि में सोयाबीन की पेराई 45 मिलियन बुशल बढ़कर 2.045 बिलियन बुशल होने का अनुमान है-अमेरिकी कृषि विभाग।
- देश भर की सरसों तेल मिलों ने जून महीने में 650000 टन सरसों की पेराई की है जो पिछले महीने की तुलना में 28% कम है-भारतीय सरसों तेल उत्पादक संगठन।

NCDEX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	06.07.18	12.07.18	बदलाव (%)
कॉटनऑयलसीडकेक	1,627.50	1,792.00	10.11%
कैस्टरसीड न्यू	4,409.00	4,550.00	3.20%
चना	3,793.00	3,896.00	2.72%
जौ	1,504.50	1,544.50	2.66%
मक्का रबी	1,218.00	1,249.00	2.55%

MCX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	06.07.18	12.07.18	बदलाव (%)
मेंथा ऑयल	1382.70	1541.90	11.51%
कैस्टरसीड	4330.00	4560.00	5.31%
निकल मिनी	958.90	970.50	1.21%
कॉटन	22540.00	22760.00	0.98%

NCDEX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	06.07.18	12.07.18	बदलाव (%)
हल्दी	7,176.00	6,908.00	-3.73%
सोयाबीन	3,491.00	3,389.00	-2.92%
काली मिर्च	36,205.00	35,185.00	-2.82%
धनिया	4,814.00	4,732.00	-1.70%
सीपीओ	636.90	626.50	-1.63%

MCX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	06.07.18	12.07.18	बदलाव (%)
जिंक	190.60	176.85	-7.21%
लेड	161.55	150.30	-6.96%
कच्चा तेल मिनी	5076.00	4778.00	-5.87%
एल्युमीनियम	143.85	139.40	-3.09%
ब्रास	360.00	351.25	-2.43%

साप्ताहिक समीक्षा

कई कारोबारी सत्रों के बाद सीआरबी इंडेक्स 200 के स्तर से नीचे आ गया। डॉलर इंडेक्स में बढ़ोतरी के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा चीन के कुछ नये उत्पादों पर फिर से टैरिफ लगाने के फैसले से कमोडिटी बाजार को झटका दिया। येन के मुकाबले डॉलर छह महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया और अमेरिकी मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी की संभावना से प्रमुख करेंसियों के मुकाबले 10 दिनों के उच्च स्तर पर बरकरार है, लेकिन अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध के गहराने से डॉलर की बढ़त सीमित रही। गुरूवार को जारी अमेरिकी उपभोक्ता आंकड़ों से पता चलता है कि मुद्रास्फीति लगातार बढ़ रही है, जिससे फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना बढ़ती जा रही है। सोने की कीमतों में गिरावट के साथ कारोबार हुआ, लेकिन ऐसा लगता है कि अब मौजूदा स्तरों से उछाल दर्ज की जा सकती है। चांदी की कीमतें भी गिरावट के साथ बंद हुई। कच्चे तेल की कीमतों में काफी उठा-पटक हुई। लीबिया द्वारा फिर से तेल का निर्यात शुरू किए जाने और अमेरिका-चीन के बीच व्यापार को लेकर तनाव गहराने के कारण तेल की कीमतों में दो वर्षों में सबसे अधिक एक दिवसीय गिरावट हुई। लीबिया के नेशनल ऑयल कॉर्प. ने कहा है कि चार तेल निर्यात टर्मिनलों, जो स्थानीय गतिरोध के कारण बंद थे, को फिर से खोला जा रहा है, जिससे 850000 बैरल/दिन कच्चे तेल की सप्लाई बाजार में होने लगेगी। दूसरी ओर चीन और अमेरिका द्वारा एक-दूसरे पर आयात टैरिफ लगाए जाने से गहराते तनाव से वैश्विक वृद्धि के बाधित होने की आशंका से कीमतों पर दबाव पड़ रहा है। लेकिन पिछले हफ्ते अमेरिकी कच्चे तेल के भंडार में लगभग 13 मिलियन बैरल, जो दो वर्षों में सबसे अधिक साप्ताहिक गिरावट है, की कमी की खबरों से कीमतों को थोड़ी मदद मिली। कुल मिलाकर कच्चे तेल का कुल भंडार फरवरी 2015 के बाद निचले स्तर पर पहुंच गया है। फिर भी कच्चे तेल की कीमतें गिरावट के साथ ही बंद हुई। नेचुरल गैस की कीमतों में भी गिरावट हुई। अमेरिका द्वारा चीन के 200 बिलियन डॉलर के अतिरिक्त उत्पादों पर नया टैरिफ लगाए जाने के बाद दोनों देशों के बीच गहराते तनाव के कारण बुधवार को बेस मेटल की कीमतों में तेज गिरावट हुई। लेकिन अगले दिन कीमतों में थोड़ी रिकवरी हुई। निकल का प्रदर्शन सबसे शानदार रहा। 2018 के पहले छह महीने में विश्व स्तर पर निकल के भंडार में 27.1% की गिरावट और आगे भी गिरावट जारी रहने की आशंका के कारण निकल की कीमतों में बढ़ोतरी जारी रही।

कृषि कमोडिटीज में, चना, कपास और मेंथा ऑयल ने बाजार को अपनी ओर आकर्षिक किया जबकि मसालों में नरमी का रूझान रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोयाबीन की कीमतों में तेज गिरावट हुई क्योंकि चीन ने अमेरिकी सोयाबीन के आयात पर शुल्क लगा दिया। अन्य तिलहन और खाद्य तेल की कीमतों में भी अंतरराष्ट्रीय बाजार के रूझान पर नरमी रही।

हाजिर कीमतें

कमोडिटी	स्थान	05.07.18	13.07.18	(%)
जौ	जयपुर	1500.65	1528.45	1.85
धनिया	कोटा	5195.20	5153.45	-0.80
क्रूड पॉम ऑयल	कांडला	695.00	692.50	-0.36
गुड़	मुजफ्फरनगर	1135.00	1124.00	-0.97
ग्वारसीड	जोधपुर	4050.00	4123.60	1.82
ग्वारगम	जोधपुर	8430.90	8584.10	1.82
जीरा	ऊंझा	18580.00	18560.00	-0.11
सरसों	जयपुर	4162.95	4243.65	1.94
काली मिर्च मलाबार गार्बल्ड	कोच्ची	36071.40	34925.00	-3.18
कच्चा जूट	कोलकाता	4254.85	4378.95	2.92
सोयाबीन	इंदौर	3600.00	3612.00	0.33
हल्दी	निजामाबाद	7375.00	7284.80	-1.22
चीनी	कोलकाता	3523.80	3452.40	-2.03
गेहूँ	दिल्ली	1794.70	1888.45	5.22
कॉटन	कडी	22289.80	22708.10	1.88
कॉटन आयॅलसीड केक	अकोला	1611.45	1747.15	8.42

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (NCDEX)

कमोडिटी	यूनिट	05.07.18 क्वांटिटी	12.07.18 क्वांटिटी	अंतर
जौ	मी.टन	5733	5773	40
कैस्टर सीड	मी.टन	25236	32417	7181
चना	मी.टन	49046	48167	-879
धनिया	मी.टन	14810	15049	239
कॉटनसीडकेक	मी.टन	43196	39119	-4077
ग्वारगम	मी.टन	19591	19616	25
ग्वारसीड	मी.टन	16673	18051	1378
जीरा न्यू	मी.टन	1800	1782	-18
मक्का	मी.टन	8179	6907	-1272
आरएमसीड	मी.टन	77208	76501	-707
सोयाबीन	मी.टन	7296	7296	0
हल्दी	मी.टन	2355	2956	601
गेहूँ	मी.टन	5077	5476	399

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (MCX)

कमोडिटी	यूनिट	05.07.18 क्वांटिटी	11.07.18 क्वांटिटी	अंतर
पीतल	मी.टन	1.93	1.93	0.00
इलायची	मी.टन	1.70	1.70	0.00
कॉटन	बेल	154300.00	148900.00	-5400.00
सोना	किग्रा	26.00	26.00	0.00
सोना मिनी	किग्रा	10.60	4.50	-6.10
सोना गिनी	किग्रा	10.29	10.29	0.00
मेंथा ऑयल	किग्रा	815057.65	970584.50	155526.85
चांदी (30 किग्रा बार)	किग्रा	36276.90	29522.58	-6754.31

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमोडिटी की कीमतें

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	06.07.18	12.07.18	बदलाव(%)
सोयाबीन	CBOT	नवम्बर	8.95	8.48	-5.17
सोया तेल	CBOT	दिसम्बर	29.46	28.39	-3.63
सीपीओ	BMD	सितम्बर	2266.00	2186.00	-3.53
कॉटन	ICE	दिसम्बर	85.65	88.54	3.37

LME/ COMEX/ NYMEX में धातुओं की कीमत (डॉलर में)

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	06.07.18	12.07.18	बदलाव(%)
एल्युमीनियम	LME	3 माह	2098.50	2104.50	0.29
तांबा	LME	3 माह	6326.00	6173.00	-2.42
लेड	LME	3 माह	2321.00	2140.00	-7.80
निकल	LME	3 माह	13760.30	14055.00	2.14
जिंक	LME	3 माह	2759.00	2598.00	-5.84
सोना	COMEX	अगस्त	1255.80	1246.60	-0.73
चांदी	COMEX	सितम्बर	16.07	15.98	-0.57
लाइट क्रूड	NYMEX	अगस्त	73.80	70.33	-4.70
नेचुरल गैस	NYMEX	अगस्त	2.86	2.80	-2.13

LME में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति(टन में)

कमोडिटी	स्टॉक की स्थिति 05.07.18 को	स्टॉक की स्थिति 12.07.18 को	अंतर
एल्युमीनियम	1104600	1120525	15925
तांबा	282225	265475	-16750
निकल	269166	263220	-5946
लेड	131175	127900	-3275
जिंक	249025	249200	175

ट्रेंड शीट

एक्सचेंज	कमोडिटी	कांट्रेक्ट	बंद* भाव	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड	भाव के ट्रेंड में बदलाव	सपोर्ट	रेजिस्टेंस	क्लोजिंग स्टॉप लास
NCDEX	**सोयाबीन**	**अक्टूबर**	**3389.00**	**12.07.18**	**मंदी**	**3389.00**	**-**	**3440.00**	**3470.00**
NCDEX	**जीरा**	**अगस्त**	**18585.00**	**12.07.18**	**साइडवेज**	**-**	**18150.00**	**18800.00**	**-**
NCDEX	**रिफाइंड सोयातेल**	**अगस्त**	**752.60**	**12.07.18**	**मंदी**	**752.60**	**-**	**760.00**	**762.00**
NCDEX	आरएमसीड	अगस्त	4128.00	13.06.18	तेजी	3973.00	4080.00	-	4049.00
NCDEX	चना	अगस्त	3896.00	02.07.18	तेजी	3590.00	3840.00	-	3800.00
NCDEX	**ग्वारसीड**	**अक्टूबर**	**4171.50**	**12.07.18**	**साइडवेज**	**-**	**4090.00**	**4250.00**	**-**
NCDEX	कॉटनऑयलसीडकेक	अगस्त	1792.00	05.07.18	तेजी	1625.00	1685.00	-	1670.00
NMCE	काली मिर्च मिनी	जुलाई	35240.00	05.06.18	मंदी	37450.00	-	35750.00	35900.00
MCX	मेंथाऑयल	जुलाई	1541.90	28.06.18	तेजी	1200.20	1495.00	-	1468.00
MCX	इलायची	अगस्त	1037.70	11.06.18	तेजी	914.50	1015.00	-	990.00
MCX	चांदी	सितम्बर	39335.00	15.06.18	मंदी	40199.00	-	39800.00	40170.00
MCX	सोना	अगस्त	30147.00	18.06.18	मंदी	30974.00	-	30250.00	30300.00
MCX	तांबा	अगस्त	421.85	18.06.18	मंदी	468.75	-	428.00	430.00
MCX	लेड	जुलाई	150.30	04.07.18	मंदी	160.55	-	152.50	153.30
MCX	जिंक	जुलाई	176.85	15.06.18	मंदी	212.00	-	180.40	181.70
MCX	**निकल**	**जुलाई**	**970.40**	**12.07.18**	**साइडवेज**	**-**	**944.00**	**985.00**	**-**
MCX	एल्युमीनियम	जुलाई	139.40	15.06.18	मंदी	151.95	-	141.50	142.70
MCX	**कच्चा तेल**	**जुलाई**	**4780.00**	**11.07.18**	**मंदी**	**4900.00**	**-**	**4995.00**	**5080.00**
MCX	नेचुरल गैस	जुलाई	192.20	06.06.18	साइडवेज	-	190.00	200.00	-

*12.07.18 का बंद भाव

टेक्निकल सुझाव

निकल (जुलाई) एमसीएक्स

निकल (जुलाई) एमसीएक्स

एमसीएक्स में निकल (जुलाई) कॉन्ट्रैक्ट 12 जुलाई 2018 को 970.40 रू पर बंद हुआ। 07 जून 2018 को कॉन्ट्रैक्ट 1067.00 रू के उच्च स्तर पर था और 11 जुलाई 2018 को 934.30 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 39.82 है। 955.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 1015.00 रू के टारगेट के लिए 975.00 रू से ऊपर खरीददारी की जा सकती है।

नेचुरल गैस (जुलाई) एमसीएक्स

नेचुरल गैस (जुलाई) एमसीएक्स

एमसीएक्स में नेचुरल गैस (जुलाई) कॉन्ट्रैक्ट 12 जुलाई 2018 को 192.20 रू पर बंद हुआ। 28 जून 2018 को कॉन्ट्रैक्ट 209.00 रू के उच्च स्तर पर था और 04 मई 2018 को 186.40 रू के निचले स्तर पर था ।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 40.04 है। 191.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 204.50 रू के टारगेट के लिए 195.50 रू से ऊपर खरीददारी की जा सकती है।

जिंक (जुलाई) एमसीएक्स

जिंक (जुलाई) एमसीएक्स

एमसीएक्स में जिंक (जुलाई) कॉन्ट्रैक्ट 12 जुलाई 2018 को 176.85 रू पर बंद हुआ। 13 जून 2018 को कॉन्ट्रैक्ट 218.55 रू के उच्च स्तर पर था और 11 जुलाई 2018 को 173.60 रू के निचले स्तर पर था ।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 21.84 है । 176.50 रू के स्टॉपलॉस के साथ 170.50 रू के टारगेट के लिए 174.50 रू से नीचे बिकवाली की जा सकती है।

अगले सप्ताह में बाजार का रुख

तिलहन एवं खाद्य तेल

मौजूदा सीजन में अधिक बुआई की खबरों से सोयाबीन वायदा(अगस्त) की कीमतों में नरमी का रूझान रहने की संभावना है और कीमतें 3300-3250 रू तक लुढ़क सकती हैं। दो प्रमुख उत्पादन क्षेत्रों में सोयाबीन की बुआई लगभग पूरी हो चुकी है और शुरूआती अनुमानों से पता चलता है कि मौजूदा खरीफ सीजन में सोयाबीन की बुआई पिछले वर्ष के 10.5 मिलियन हेक्टेयर की तुलना में 5% अधिक क्षेत्र में होने की संभावना है। आगामी दिनों में महाराष्ट्र में कपास और मध्यप्रदेश में दालों की तुलना में सोयाबीन की बुआई में बढ़ोतरी हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय सोयामील की मांग काफी कम है क्योंकि रॉटरडम में सोयामील की कीमत 383 डॉलर/टन है जबकि भारतीय सोयामील की कीमत 457 डॉलर/टन है जो अर्जेंटिना के सोयामील की तुलना में 70 डॉलर/टन अधिक है। सरसों वायदा (अगस्त) की कीमतों को 4170 रू के स्तर पर रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ सकता है और उच्च स्तर पर मुनाफा वसूली हो सकती है। हाजिर बाजारों में स्टॉकिस्ट, कारोबारी और किसान अपना स्टॉक छोड़ रहे है और पहले कम कीमतों पर खरीदे गए सरसों पर मुनाफा वसूली कर रहे है। इसके अतिरिक्त जुलाई में पेराई के लिए सरसों की मांग कम होने से सरसों की मांग अधिक नही है। सीपीओ वायदा(अगस्त) की कीमतों में नरमी का रूझान 595-590 रू तक जारी रहने की संभावना है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, व्यापार को लेकर बढ़ते तनाव के बीच प्रमुख आयातक देशों की ओर से मांग में कमी के कारण पॉम ऑयल कीमतें तीन वर्षो के निचले स्तर पर पहुंच गई हैं। इसके अतिरिक्त जुलाई में मलेशिया में पॉम ऑयल का उत्पादन में पिछले महीने की तुलना में लगभग 10% की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

मसाले

हल्दी वायदा (अगस्त) की कीमतों में 6600 रू तक गिरावट होने की संभावना है। प्रमुख उत्पादन क्षेत्रों में अच्छी बारिश होने से हल्दी की बुआई में बढ़ोतरी होने और उत्पादन अधिक होने के अनुमान से सेंटीमेंट कमजोर हो गया है। मराठवाड़ा और सांगली के उत्पादन क्षेत्रों में अच्छी बारिश हुई है जिसके कारण हल्दी की बुआई की रफ्तार बढ़ी है। इस वर्ष जलगांव, धुलिजा, जालना, औरंगाबाद, अकोला और कुछ अन्य जिलों में हल्दी की बुआई पहले ही शुरू हो चुकी है, जिससे उत्पादन अधिक होने का अनुमान है। तेलंगाना में 27 जून तक हल्दी की बुआई पिछले वर्ष की समान अवधि के 9641 हेक्टेयर की तुलना में 10858 हेक्टेयर में हो चुकी है। जीरा वायदा(अगस्त) की कीमतों के नरमी के रूझान के साथ 18000-19200 रू के दायरे में साइडवेज रहने की संभावना है । पिछले तीन महीने से हाजिर बाजारों में जीरे की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है क्योंकि भारतीय रूपये के कमजोर होने और अन्य देशों में कम उत्पादन के कारण भारत से निर्यात मांग अधिक होने से कीमतों को मदद मिल रही थी। लेकिन अब अधिक कीमतों पर मांग कम हो रही है और आगामी हफ्तों में कीमतों में गिरावट हो सकती है। धनिया वायदा(अगस्त) की कीमतों के तेजी के रूझान के साथ 4550-4850 रू के दायरे में कारोबार करने की संभावना है । प्रमुख हाजिर बाजारों में धनिया की आवक लगातार कम हो रही है क्योंकि किसान खेती पर अधिक ध्यान दे रहे है। जिन किसानों के पास स्टॉक है वे कीमतों में बढ़ोतरी की उम्मीद से स्टॉक रोक कर रखे हुए हैं, जिससे अच्छी क्वालिटी की धनिया की कमी हो सकती है। दूसरी ओर बारिश का सीजन होने से आयातित धनिया पाउडर में नही शुरू हो गई है इसलिए कारोबारी धनिया की खरीददारी कम कर रहे हैं।

अन्य कमोडिटीज

चना वायदा (अगस्त) की कीमतों में लगातार तीसरे हफ्ते तेजी बरकरार रह सकती है और कीमतें 4175-4200 रू तक बढ़त दर्ज कर सकती है क्योंकि कीमतें लगभग 4000 के रेजिस्टेंस स्तर को पार कर गई हैं। मौजूदा खरीफ सीजन में दालों की बुआई कम होने की आशंका और आगामी दिनों में अधिक मांग के कारण चना की कीमतों को मदद मिल रही है। मटर का आयात अत्यंत कम होने के कारण आगामी महीनों में चना दाल की खपत में बढ़ोतरी होने की संभावना से मिलों द्वारा चना की अधिक खरीददारी की जा रही है। अंतरराष्ट्रीय और घरेलू बाजार में बेहतर रूझानों के कारण कॉटन वायदा(जुलाई) की कीमतों में 23400-23700 रू तक बढ़त दर्ज किए जाने की संभावना है। अमेरिका में कपास उत्पादन में कमी के अनुमान से आईसीई में कॉटन वायदा की कीमतों में यू-टर्न देखने को मिल रहा है और कीमतें 83 सेंट के नजदीक सपोर्ट के साथ बढ़त दर्ज कर रही हैं। अमेरिका में 2018-19 में अंतिम स्टॉक 4 मिलियन टन रहने का अनुमान है जो जून के अनुमान से 700000 बेल कम है। भारत में कपास उत्पादन क्षेत्रों में बारिश कम होने के कारण बुआई में कमी देखी जा रही है और फसल कटाई में भी देरी होने की संभावना है। मेंथा ऑयल वायदा(जुलाई) की कीमतों में 1690 रू तक तेजी बरकरार रहने की संभावना है । सप्लाई में कमी, कम भंडार और बढ़ती मांग के कारणहाजिर बाजारों में मेंथा ऑयल की कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है। इसके अतिरिक्त कीमतों में आगे भी बढ़ोतरी होने की उम्मीद से किसान स्टॉक रोक कर रखे हुए हैं। कुल मिलाकर मांग को पूरा करने के लिए सप्लाई पर्याप्त नही है। ग्वारसीड वायदा(अक्टूबर) की कीमतों के 4050-4350 रू के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। हाल ही में तेजी के बाद कारोबारी सतर्क हैं क्योंकि उच्च स्तर पर मुनाफा वसूली हो सकती है और राजस्थान के ग्वार उत्पादन क्षेत्रों में अच्छी बारिश होने की संभावना है।

सर्राफा

डॉलर के मजबूत होने के कारण सर्राफा की कीमतों में नरमी बरकरार रह सकती है लेकिन निचले स्तर पर शॉर्टकवरिंग से इंकार नही किया जा सकता है। अमेरिकी मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी के कारण फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में तेजी से बढ़ोतरी की संभावना बढ़ती जा रही है जिससे सर्राफा की कीमतों पर दबाव पड़ रहा है। जून में हाल ही में अमेरिकी मुद्रास्फीति लगभग साढ़े छह वर्षो में सबसे अधिकतम स्तर 2.9% पर पहुंच गई है। हाल ही में भारतीय रूपये के थोड़ा मजबूत होने से घरेलू बाजार में सर्राफा की कीमतों पर दबाव पड़ा है । सोना(अगस्त) की कीमतों को 30800 रू के नजदीक रेजिस्टेंस और 29800 के नजदीक सपोर्ट रह सकता है जबकि चांदी(सितम्बर) की कीमतों को 40800 रू के नजदीक रेजिस्टेंस और 38600 के नजदीक सपोर्ट रह सकता है। फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने कहा है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था अच्छी गति से बढ़ रही है और मौजूदा सरकारी कर और निवेश कार्यक्रमों के कारण घरेलू जीडीपी में बढ़ोतरी होने की संभावना है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्टीवन म्यूनिक के अनुसार अमेरिका और चीन के बीच व्यापार को लेकर बातचीत फिर से शुरू हो सकती है लेकिन इसके लिए चीन को अहम बदलाव के लिए तैयार होना होगा । अमेरिकी फंड निवेशकों ने कमोडिटी फंड से 1 बिलियन डॉलर निकाल लिया है जो जुलाई 2017 के बाद सबसे अधिक निकासी है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच तनाव कम होने से बिकवाली का दबाव बढ़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि उतर कोरिया को परमाणु शस्त्र रहित करने के अमेरिकी प्रयासों को चीन बाधित कर सकता है लेकिन यह भी स्वीकार किया है कि वे इस बात लेकर आश्वस्त है कि उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग ऊन पिछले महीने हुए करार का सम्मान करेंगें।

एनर्जी कॉम्पलेक्स

लीबिया से तेल की सप्लाई की समस्या के समाप्त होने के बाद कच्चे तेल में उच्च स्तर पर मुनाफा वसूली दर्ज की जा सकती है। लीबिया का नेशनल ऑयल कॉर्प. चार तेल निर्यात टर्मिनलों को फिर से खोल देगा, जिससे 850000 बैरल/दिन कच्चे तेल की सप्लाई बाजार में होने लगेगी । इसके पहले विद्रोही गुटों के साथ गतिरोध के कारण लीबिया के तेल उत्पादन के अधिकांश टर्मिनल बंद कर दिए गए थे। कच्चे तेल की कीमतों को 5000 के नजदीक रेजिस्टेंस रह सकता है और कीमतें 4650 रू तक गिरावट दर्ज कर सकती हैं। अमेरिका द्वारा ओपेक के प्रमुख देश ईरान पर नवम्बर से पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने की योजना से बाजार में तेल की सप्लाई के कम होने की आशंका से हाल ही में तेल की कीमतों में बढ़त दर्ज की गई है। अमेरिका ने नवम्बर तक ईरान से तेल निर्यात पूरी तरह से समाप्त करने को कहा है। इसबीच सनकोर एनर्जी ने कहा है कि कनाडा के सिनक्रूड के 360000 बैरल/दिन में से कुछ कच्चे तेल की सप्लाई जुलाई में शुरू हो जाएगी । अमेरिकी ऊर्जा विभाग ने आगाह किया है कि ओपेक और रूस द्वारा उत्पादन बढ़ाए जाने के बाद विश्व बाजार में सप्लाई अधिक हो सकती है। दूसरी ओर जून में चीन द्वारा कच्चे तेल का आयात पिछले महीने की तुलना में कम हुआ है क्योंकि कुछ रिफाइनरियों ने मार्जिन कम होने के कारण ऑपरेशन कम कर दिया है या पहले से ही बंद हैं। अमेरिकी नेचुरल गैस का उत्पादन रिकॉर्ड उच्च स्तर पर होने के कारण नेचुरल गैस की कीमतों में नरमी का रूझान रहने की संभावना है और कीमतों को 198 के स्तर पर रेजिस्टेंस रह सकता है और 184 रू तक गिरावट हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 8-14 दिनों में अमेरिका के केन्द्रीय और पश्चिमी भागों में तापमान अधिकांशत: सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है ।

बेस मेटल

अमेरिका और अन्य देशों के बीच व्यापार को लेकर तनाव के गहराने के कारण बेस मेटल में बिकवाली का दबाव बरकरार रहने की संभावना है। चीन ने अमेरिका पर दादागीरी करने का आरोप लगाया है और धमकी दी है कि यदि वह फिर से हमारे 200 बिलियन डॉलर के अतिरिक्त उत्पादों पर 10% टैरिफ लगाता है तो जवाबी कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहे । तांबें की कीमतों को 435 के नजदीक रेजिस्टेंस रह सकता है और 405 रू तक गिरावट हो सकती है। फ्रीपोर्ट मैकमॉरन और रियोटिन्टो इंक से ग्रैसबर्ग खदान पर नियंत्रण के लिए हिस्सेदारी खरीदने के लिए हुए करार पर इंडोनेशिया के अडिग रहने के बाद सप्लाई में बढ़ोतरी होने की संभावना से तांबें की कीमतों में गिरावट जारी है। इसबीच मई में चिली में तांबें का उत्पादन पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 6.1% की बढ़ोतरी के साथ 494500 टन हुआ है, जो इस वर्ष में अब तक सबसे अधिक मासिक उत्पादन है। जिंक की कीमतों में गिरावट जारी रहने की संभावना है और कीमतों को 184 के नजदीक रेजिस्टेंस रह सकता है जबकि कीमतों में 165 रू तक गिरावट हो सकती है। निकल की कीमतों को 945 के नजदीक सपोर्ट और 990 के स्तर पर रेजिस्टेंस रह सकता है। लेड की कीमतों के साइडवेज रहने की संभावना हैं। लेड की कीमतों को 157 के नजदीक सपोर्ट और 168 के नजदीक रेजिस्टेंस रह सकता है। एल्युमीनियम की कीमतों में 132 रू तक गिरावट हो सकती है एवं कीमतों को 146 के नजदीक रेजिस्टेंस रह सकता है। चीन के सेंट्रल हेनान प्रांत में स्थित एक स्मेल्टर 300000 टन से अधिक वार्षिक एल्युमीनियम स्मेल्टिंग क्षमता को हटाकर उत्तर-पूर्व के लियोनिंग प्रांत में ले जाएगा । रूस की एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी रूसल ने मई में 197000 टन एल्युमीनियम निर्यात किया है जो अप्रैल की तुलना में लगभग तीगुना है।

मॉनसून में कमी.....बुआई धीमी

दक्षिण-पश्चिम मॉनसून भारत की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था के लिए जीवन-शक्ति है क्योंकि लगभग 50% से कृषिगत भूमि में सिंचाई का अभाव है। खरीफ फसलों की बुआई सामान्यत: जून में मॉनसून के प्रारंभ होने के साथ ही शुरू होती है और अक्टूबर में फसल की कटाई शुरू होती है।

पहले मई में भारतीय मौसम विभाग ने इस वर्ष देश में मॉनसून के सामान्य रहने का अनुमान लगाया था । लेकिन मॉनूसन के अपने नियत समय से तीन दिन पहले ही केरल तट पर पहुंचने और चार महीने के लगभग 40 दिन से अधिक बीत जाने के बाद भी अभी तक 50 वर्षो के औसत की तुलना में 8% कम बारिश हुई है। भारतीय मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार देश के 36 मौसम उपसंभागों में से 12, जिसके दायरे में देश का 36% क्षेत्र आता है, में कम बारिश हुई है।

कम बारिश के कारण मौजूदा सीजन में खरीफ फसलों की बुआई धीमी हुई है। राज्यों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 6 जुलाई तक पूरे देश में लगभग 333.76 लाख हेक्टेयर में खरीफ फसलों की बुआई हुई है जबकि पिछले वर्ष समान अवधि में 388.89 लाख हेक्टेयर में बुआई हुई थी । कुल मिलाकर पिछले वर्ष की तुलना में 14.2% और पांच वर्षो के औसत की तुलना में लगभग 9.8% कम क्षेत्र में बुआई हुई है।

चावल-उत्पादक पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और छतीसगढ़ में बारिश की कमी कुछ अधिक देखी जा रही है और इसका प्रतिकूल असर धान, जो प्रमुख खरीफ फसल है और सामान्य उत्पादन क्षेत्र के लगभग 60% क्षेत्र में बुआई होती है, की बुआई पर पड़ रहा है। उत्तरप्रदेश और बिहार को सूखे जैसे हालात का सामना करना पड़ रहा है । 6 जुलाई तक चावल की बुआई पिछले वर्ष की समान अवधि के 79 लाख हेक्टेयर की तुलना में 67.25 लाख हेक्टेयर में हुई है।

कपास की बुआई भी बुरी तरह से प्रभावित हुई है क्योंकि मौजूदा मॉनसून सीजन में गुजरात के प्रमुख कपास उत्पादक क्षेत्र सौराष्ट्र में काफी कम बारिश हुई है। सौराष्ट्र और कच्छ क्षेत्र 124.6 मिमी की सामान्य बारिश की तुलना में अभी तक केवल 30.2 मिमी बारिश हुई है। 6 जुलाई तक गुजरात में कपास की कुल बुआई पिछले वर्ष की समान अवधि के 12.7 लाख हेक्टेयर की तुलना में 4.9 लाख हेक्टेयर में हुई है। पूरे देश में कपास की कुल बुआई लगभग 24% कम होकर 54.6 लाख हेक्टेयर में हुई है।

दालों में, भारत के मध्य राज्यों में कम बारिश के कारण अरहर की बुआई भी कम हुई है। अभी तक 34 लाख हेक्टेयर में दालों की बुआई हुई है, जबकि पिछले वर्ष समान अवधि में 42 लाख हेक्टेयर में दालों की बुआई हुई थी ।

गुजरात में कम बारिश होने के कारण मूंगफली जैसे तिलहन की बुआई भी बाधित हुई है। अभी तक विभिन्न राज्यों में मूंगफली की बुआई पिछले वर्ष की समान अवधि के 16.7 लाख हेक्टेयर की तुलना में 43% की कमी के साथ 9.4 लाख हेक्टेयर में हुई है। कुल मिलाकर तिलहन की बुआई पिछले वर्ष की तुलना में 13.4% कम हुई है।

6 जुलाई तक प्रमुख फसलों की कुल हुई बुआई इसप्रकार है (लाख हेक्टेयर में)

फसल	2018-19 में हुई बुआई	2017-18 में हुई बुआई
चावल	67.25	79.08
दालें	33.60	41.67
मोटे अनाज	57.35	66.27
तिलहन	63.59	73.45
गन्ना	50.44	49.64
जूट एवं मेस्टा	6.93	6.96
कपास	54.60	71.82
कुल	**333.76**	**388.89**

स्रोत: कृषि मंत्रालय

Vandana Bharti	Assistant Vice President	vandanabharti@smcindiaonline.com
Sandeep Joon	Sr. Research Analyst	sandeepjoon@smcindiaonline.com
Subhranil Dey	Sr. Research Analyst	subhranildey@smcindiaonline.com
Shivandand Updadhyay	Content Editor (Hindi)	shivandand@smcindiaonline.com

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हें सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होंने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, **ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुनः वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वित्तीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।**

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।